01




# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,सोमवार, 21 जुलाई 2025 Follow us on:/ planetnewsindia@gmail.com


## रोने पर कत्ल... बोरे में पैक कर शव को गाड़ा




आगरा के फतेहाबाद में मासूम अभय की अपहरण के बाद हत्या के मामला का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। आरोपियों ने मासूम अभय को चीखते ही गला घोंट दिया था। हत्या करने के बाद फिरौती मांगी थी।अपहरण के बाद कक्षा एक के छात्र अभय (8) की हत्या के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा कर दिया है। छात्र की हत्या पड़ोसी ने दुकानदार के साथ मिलकर की थी। दोनों स्कूटी पर बैठाकर उसे मनिया लेकर जा रहे थे। रास्ते में रोने पर दोनों ने गला दबाकर मार डाला। बाद में परिवार से 80 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। थाना फतेहाबाद के विजय नगर कॉलोनी निवासी विजय प्रकाश उर्फ बीपी मैक्स चालक हैं। 30 अप्रैल को घर के बाहर खेलते समय उनके बेटे अभय उर्फ बिट्टू (8) का अपहरण हो गया था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी विजय नगर कॉलोनी में जनसेवा केंद्र चलाने वाले कृष्णा उर्फ भजन लाल निवासी गढ़ी साबराय, फतेहाबाद को प्रतापपुरा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर 80 दिन बाद छात्र का शव मनिया, राजस्थान से बरामद किया गया। रविवार को छात्र के घर के सामने रहने वाले आरोपी राहुल को भी गिरफ्तार किया।कृष्णा ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले अभय के ताऊ राजेश और पिता विजय प्रकाश से झगड़ा हो गया था। तभी से वह अभय के पिता से रंजिश रखता था। 30 अप्रैल को कॉलोनी में शादी थी। उसी समय अपने साथी राहुल के साथ मिलकर अभय को पिता के पास ले जाने के बहाने स्कूटी पर बैठाकर ले जा रहा था।छात्र के चिल्लाने पर गला घोंटकर मार डाला। पुलिस के मुताबिक, आरोपी कृष्णा पर कॉलोनी के कई लोगों का पैसा बकाया था। उसने नौकरी दिलाने के नाम पर रकम वसूली थी। लोग तगादा कर रहे थे, जिससे छुटकारा पाने के लिए उसने अपहरण की योजना बनाई। राहुल पड़ोसी है और वेल्डिंग का काम करता है। घटना से 15 दिन पहले से ही कृष्णा ने अभय से दोस्ती बढ़ानी शुरू कर दी थी। रोजाना टॉफी देकर उसे बहलाता था ताकि वह आसानी से स्कूटी पर चले। अपहरण की दो माह पहले योजना बना रहे थे। वहीं, मृतक के तहेरे भाई विनीत ने बताया कि वह अक्सर कृष्णा की दुकान पर बैठता था। तभी बातचीत में कृष्णा कहता था कि एक दिन बड़ा

## समय-पूर्व मानसून से तबाही



समय से पहले आया मानसून देशभर में तबाही का कारण बन रहा है। हिमाचल और उत्तराखंड में 100 लोगों की मौत की खबर है। राजस्थान, असम, बिहार समेत कई राज्यों में नदियां उफान पर हैं। लाखों लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। जलभराव के कारण कई जगहों का संपर्क भी कट गया है। जानिए आपके प्रदेश में मौसम का हालइस साल जल्दी आने वाला मानसून देश के कई हिस्सों के लिए आफत लेकर आया है। 20 जुलाई तक देशभर में भारी वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन की कई घटनाएं हो चुकी हैं जिनमें व्यापक जानमाल का नुकसान हुआ है। आगे भी मूसलाधार बारिश जारी रहने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की रिपोर्ट के अनुसार पूरे देश में अब तक औसत से 6 फीसदी अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई है। हालांकि कुछ इलाकों में बारिश सामान्य से 40 फीसदी तक अधिक रही तो कहीं अभी भी सामान्य से काफी कम है जिससे असमानता और संकट दोनों की स्थिति बनी हुई है।सबसे अधिक नुकसान हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, असम, महाराष्ट्र और गुजरात में हुआ



है। हिमाचल और उत्तराखंड में लगातार भूस्खलन, बादल फटने और मूसलधार बारिश से सैकड़ों गांव प्रभावित हुए हैं, 100 से अधिक लोगों की जान गई है और करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। असम में ब्रह्मपुत्र और इसकी सहायक नदियों के उफान के कारण लाखों लोग बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। महाराष्ट्र और गुजरात के कई जिलों विशेषकर कोल्हापुर, नासिक और सौराष्ट्र में भारी वर्षा और जलजमाव ने न केवल जनजीवन को ठप कर दिया है, बल्कि कृषि और बुनियादी ढांचे को भी व्यापक क्षति पहुंचाई है।



## गवाहों के बयान में विसंगतियां



ओडिशा पुलिस की अपराध शाखा बालासोर आत्मदाह मामले की जांच कर रही है। शाखा महानिदेशक विनयतोष मिश्रा का कहना है कि जांच में गवाहों के बयानों में विसंगतियां मिली हैं। इसलिए गहराई से जांच करने में समय लगेगा। इस बीच, पुलिस ने विभागाध्यक्ष समीरा कुमार साहू और तत्कालीन प्रिंसिपल दिलीप घोष को गिरफ्तार कर लिया है। ओडिशा के बालासोर में एक कॉलेज छात्रा की आत्मदाह से मौत मामले की जांच कर रही पुलिस की अपराध शाखा को गवाहों के बयानों में विसंगतियां मिली हैं। अपराध शाखा ने रविवार को कहा कि मामले की गहराई

## Odisha Girl Ablaze Case



Odisha Girl Ablaze Case: ओडिशा में जिस लड़की को आग लगाई गई थी, उसे बचाने वाले शख्स ने घटना की खौफनाक दास्तां बयां की है। उन्होंने बताया कि लड़की बचाओ-बचाओ चीख रही थी। उन्होंने कहा कि अब गांव के बच्चे अकेले बाहर जाने से डरने लगे हैं। उन्होंने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है

ओडिशा के पुरी जिले में एक 15 साल की लड़की को अगवा कर जलाने की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। इस वारदात के बाद गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि कैसे वह लड़की शनिवार सुबह आग में जलती हुई उसके घर तक पहुंची और 'बचाओ-बचाओ' की गुहार लगा रही थी।बालंगा गांव के रहने वाले दुक्षिश्याम सेनापति ने रविवार को घटना के 90 मिनट की कहानी सुनाई जब लड़की मदद के लिए उसके दरवाजे पर आई थी। उन्होंने बताया कि 'सुबह करीब 8:30 बजे तेज आवाज में दरवाजा खटखटाया गया। जब दरवाजा खोला तो देखा कि एक लड़की जलती हुई हालत में खड़ी है और बहुत दर्द में चिल्ला रही थी।'उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी पत्नी की मदद से तुरंत आग बुझाई और लड़की को पानी पिलाया क्योंकि वह बहुत प्यास से परेशान थी। बाद में उनके घर की महिलाओं ने लड़की के कपड़े बदले। जब उन्होंने लड़की से पूछा कि उसके साथ क्या हुआ तो उसने बताया कि तीन अजनबी बाइक सवार उसे अगवा करके भगवती नदी के किनारे ले गए। उन्होंने उसके चेहरे पर रुमाल डालकर कुछ तरल पदार्थ डाला और फिर आग लगा दी। सेनापति ने कहा, 'लड़की बहुत डर और सदमे में थी, इसलिए मैंने उससे ज्यादा सवाल नहीं किए'।उन्होंने बताया कि जब लड़की को अगवा किया गया तब उसके हाथ बंधे हुए थे, लेकिन जब वह उनके घर पहुंची तो उसके हाथ खुले थे।

# Aaj Ka Rashifal 21 July

## कन्या, तुला और वृश्चिक राशि वालों को होगा आर्थिक लाभ, जानें आज का राशिफल

21 July Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 21 जुलाई 2025 का राशिफल।



### मेष

आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आपको अपने कानूनी मामलों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आप अपने किसी काम को लेकर अनदेखी न करें। संतान की पढ़ाई-लिखाई में यदि कोई समस्या आ रही थी, तब वह भी दूर होगी। आपको अपने जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। राजनीति में कदम बढ़ा रहे लोगों को थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आप अपने अच्छी सोच से कार्यक्षेत्र में अपने बॉस की आंखों का तारा बनेंगे और आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी भी मिल सकती है। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी। करियर में आपको अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। आप अपने लेनदेन से संबंधित मामलों में लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस में कुछ नई चीजों को शामिल कर सकते हैं। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से कोई लेनदेन करने से बचें। आपको अपने किसी मित्र से कोई मन मुताबिक सूचना सुनने को मिल सकती है। आपकी लोगों से खूब पटेगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में यदि कुछ समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही हैं। आपको अपने किसी लिए गए फैसले के लिए पछतावा हो सकता है।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामले यदि लंबे समय से विवादित थे, तो वह भी फाइनल हो सकते हैं। आप अपनी संतान को किसी दूसरे कॉलेज में एडमिशन दिलाने के प्लानिंग कर सकते हैं। आपका कोई पुराना लेनदेन आपके लिए समस्या बन सकता है। आपको किसी काम को लेकर ढील देने से बचना होगा। आप अपनी सेहत को लेकर थोड़ा एहतियात बरतें।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। बिजनेस कर रहे लोगों को एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आप किसी के साथ पार्टनरशिप में कोई दूसरा काम भी शुरू कर सकते हैं। आपको बिजली के उपकरणों से थोड़ा सावधानी बरतनी होगी। आपके पिताजी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। आप अपने पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़ा परेशान हो सकते हैं। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामलों में कमजोर रहने वाला है। आप किसी से मांगकर वाहन ना चलाएं। यदि आप किसी यात्रा पर जाएं, तो वहां अपने कीमती सामानों की सुरक्षा भी अवश्य करें। भाई- बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप अपने किसी काम को लेकर दूसरे पर निर्भर ना रहें। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा। आप अपने खर्चों को थोड़ा कंट्रोल करके चलेंगे, आपके लिए अच्छा रहेगा।

### तुला

आज का दिन आपके लिए इनकम के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति होगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आसानी से आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा, लेकिन ससुराल पक्ष के व्यक्ति से आपकी खटपट होने की संभावना है, इसलिए आपको कोई बात बहुत ही तोल मोलकर बोलनी होगी। प्रॉपर्टी को लेकर यदि कोई वाद-विवाद चल रहा था, तो वह भी दूर हो सकता है।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए समस्या लेकर आने वाला है, क्योंकि आपके शत्रु बढ़ सकते हैं, जिन्हें आपकी तरक्की रास नहीं आएगी और वह आपके बॉस से आपकी चुगली लगा सकते हैं। आप किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। आपने यदि बिजनेस में काम को लेकर कोई बदलाव करने का सोचा है, तो फिलहाल रुक जाए। आप अपने माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे। आप अपने घर के रेनोवेशन का काम शुरू कर सकते हैं।

### धनु

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। विद्यार्थियों को मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। संतान की सेहत में यदि कोई समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की खुशियां बढ़ेंगी। आप दोस्तों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। यदि आपका कोई काम धन को लेकर रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आप जीवनसाथी के लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट प्लान कर सकते हैं। आप अपने घर के कामों में कोई बदलाव करने की सोचेंगे।

### मकर

आज का दिन आपके लिए किसी नए मकान और वाहन आदि की खरीदारी के लिए अच्छा रहेगा। आपकी लिए दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आप अपनी व्यवसाय की योजनाओं को लेकर प्लानिंग करके चले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। शेयर मार्केट में आपको थोड़ा सोच समझकर इन्वेस्टमेंट करने की आवश्यकता है। आपको अपने किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती है। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। सामाजिक कामों में आपकी छवि निखरेगी।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। राजनीति में कार्यरत लोग अपने काम से परचम लहराएंगे, उन्हें किसी बड़े पद की प्राप्ति भी हो सकती है। संतान पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देंगी, जिससे वह किसी गवर्नमेंट जॉब के एग्जाम की तैयारी भी कर सकते हैं। आपका कोई पारिवारिक मामला सिर उठायेगा, जो आपको टेंशन दे सकता है।

### मीन

आज का दिन आपके लिए धन के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपकी तरक्की के रास्ते खुलेंगे और आपको अपने दोस्त के माध्यम से कोई आय का सोर्स जुड़ सकते हैं। आप किसी से भी कोई वादा सोच समझकर न करें। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात हो सकती है। स्वास्थ्य में कुछ गिरावट आ सकती हैं। आप बेवजह कामों को लेकर भागदौड़ ना करें। आपको किसी पुरानी गलती से आज पर्दा उठ सकता है। माताजी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकती हैं।

आज 21 जुलाई सावन का दूसरा सोमवार है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर वृषभ राशि में हो रहा है। इसकी के साथ आज रोहिणी नक्षत्र के साथ वृद्धि योग का संयोग बन रहा है। साथ ही आज सावन माह की कामिका एकादशी भी है। एकादशी पर भगवान विष्णु की पूजा होती है। इसी के साथ सर्वार्थ सिद्धि और वृद्धि योग का भी संयोग बनने जा रहा है। आइए जानते हैं मेष लेकर मीन राशि वालों के लिए सप्ताह का पहला दिन कैसा रहेगा की गणना करते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है।

# आशा वर्कर का कत्ल: 'मुझे थप्पड़ मारा

## मैंने हथौड़े से मार डाला', अर्धनग्न लाश संग ये काम करता 'कातिल प्रेमी'



बागपत के बड़ौत में आशा कार्यकर्ता की हत्या का मामला सामने आया है। निर्माणाधीन मकान में आशा कार्यकर्ता की अर्धनग्न हालत में लाश बोरे में मिली है। पुलिस ने आशा कार्यकर्ता के मौसेरे देवर को हत्या के आरोप में गरिफ्तार किया है।बागपत जिले के बड़ौत में आशा कार्यकर्ता की रविवार रात सिर में हथौड़े से वार करके हत्या कर दी गई। उसका शव बड़ौत में पूर्वी यमुना नहर के पास निर्माणाधीन मकान में अर्धनग्न हालत में बोरे में बंद मिला। परिजनों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की आशंका जताई।उसके पति ने शामली के टिटौली के रहने वाले अपने मौसेरे भाई भूपेंद्र के खिलाफ मुकदमा कराया है, जिसको पुलिस ने शामली से गिरफ्तार कर लिया है। उसने हत्या की बात कबूल की है। आशा वर्कर शनिवार दोपहर करीब 3 बजे पशुओं के लिए खल खरीदने बड़ौत की एक दुकान पर पहुंची थी। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में वह खल खरीदते हुए भी नजर आई। दुकानदार को उसने बताया कि वह पति के मौसेरे भाई से 3500 रुपये लेने जा रही है और खल घर भिजवा देना। इसके बाद वह रात 11 बजे तक घर नहीं पहुंची तो परिजन बड़ौत कोतवाली पहुंच गए। उसके पति के शक जताने पर पुलिस जांच करते हुए बड़ौत में पूर्वी यमुना नहर के पास भूपेंद्र के निर्माणाधीन मकान तक पहुंची। मकान का दरवाजा बाहर से बंद था। जेसीबी से दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो बोरे में अर्धनग्न हालत में आशा वर्कर का शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दो चिकित्सकों के पैनल ने शव का पोस्टमार्टम किया और इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया।आशा वर्कर का शव मिला तो परिजनों ने बताया कि उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद सिर में गोली मारकर हत्या की गई है। पुलिस ने भी सिर में ऐसा ही निशान देखकर गोली मारकर हत्या करने की बात मानकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, मगर पोस्टमार्टम में सिर में गोली की जगह भारी चीज से तीन वार करके हत्या करना आया। इसके अलावा दुष्कर्म की पुष्टि भी नहीं हुई तो सैंपल लेकर फोरेंसिक जांच के लिए लैब में भेजा गया।

# क्यों कोबरा से लड़ाई में जीत जाता है नेवला?

## कैसे जहर के हमले को कर देता है बेअसर, जानकर हो जाएंगे हैरान



Mongoose vs Cobra: सांप और नेवला के बीच ऐसी दुश्मनी है कि दोनों एक दूसरे को देखते ही आगबबूला हो जाते हैं। सोशल मीडिया पर अक्सर सांप और नेवले की लड़ाई के वीडियो देखने को मिलते हैं।Mongoose vs Cobra: सांप और नेवला के बीच ऐसी दुश्मनी है कि दोनों एक दूसरे को देखते ही आगबबूला हो जाते हैं। सोशल मीडिया पर अक्सर सांप और नेवले की लड़ाई के वीडियो देखने को मिलते हैं। दोनों की लड़ाई में कभी सांप की, तो कभी नेवले की जीत होती है। नेवला कोबरा जैसे सांप को भी हरा देता है, क्योंकि नेवले के आगे सांप अधिक देर तक टिक नहीं पाते हैं। सांप और नेवले की दुश्मनी के पीछे खास वजह है। कुछ लोगों का मानना है कि सांप और नेवले के बीच प्राकृतिक दुश्मनी है। इसलिए दोनों एक दूसरे को मारना चाहते हैं कि वो जिंदा रह सकें। दरअसल, दोनों के बीच दुश्मनी इस बात को लेकर है कि सांप हमेशा नेवले के बच्चों का शिकार कर लेता है, क्योंकि उसे वो खाने के तौर पर काफी पसंद होते हैं। यही वजह है कि नेवला अपने बच्चों की रक्षा के लिए सांप को देखते ही उसपर हमला कर देता है। नेवला काफी तेज और चालाक होता है। सांप और नेवले की लड़ाई आपने भी देखी होगी। आपने यह जरूर देखा होगा कि सांप नेवला से भागने की कोशिश करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ज्यादातर सांप से लड़ाई में नेवले की ही जीत क्यों होती है? आज हम आपको अपनी खबर में बताते हैं। भ्रांति है कि भारतीय भूरे रंग वाले नेवले पर सांप के जहर का कोई असर नहीं होता है। लेकिन असल में यह सच नहीं है। अगर सांप नेवले को काट ले, तो उस पर जहर का असर कुछ समय बाद होता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि नेवले के शरीर में एसिट्लोक्लिन रिफ्लेक्स होता है, जो सांप के जहर में मौजूद न्यूरोटॉक्सिन से उसे बचा लेता है। हालांकि, नेवला सांप से अधिक फुर्तीला होता है, ऐसे में वह सांप से खुद को बचा लेता

# Salman Khan

## भरीमहफिल में आखिर किसे देख सलमान ने रोक दी गाड़ी, बुलेटप्रूफ कार से उतरे भाईजान; वीडियो वायरल



Salman Khan Viral Video: हाल ही में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान ने कुछ ऐसा किया, जो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। आइए देखें वायरल वीडियो। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें सलमान खान नजर आ रहे हैं। भाईजान अपनी ब्लैक कलर की बुलेटप्रूफ गाड़ी से जाते हुए अचानक रुक जाते हैं। आइए जानते हैं कि आखिर किसके लिए अभिनेता ने अचानक रोक दी गाड़ी। साथ ही उनका रिएक्शन भी वायरल हो रहा है। चलिए जानते हैं पूरी खबर। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें भीड़ के बीच बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान नजर आ रहे हैं। अभिनेता ब्लैक कलर की टीशर्ट पहने दिख रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्टर अपनी ब्लैक कलर की बुलेटप्रूफ गाड़ी से अचानक उतरते हैं, वो भी अपने प्यारे से नन्हें फैंस से मिलने के लिए। गाड़ी से उतरकर सलमान खान बच्ची को प्यार करते हैं उसकी बात को सुनकर मुस्कुरा देते हैं। भाईजान का ये रिएक्शन नेटिजंस काफी पसंद कर रहे हैं। वीडियो वायरल होते ही नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। एक यूजर ने लिखा कि सलमान खान का बच्चों के साथ बहुत ही प्यार रिश्ता है। दूसरे यूजर ने कहा कि इस प्यारे वीडियो के लिए उनके पास शब्द नहीं हैं। वहीं एक और यूजर ने लिखा कि सलमान खान सबसे बेस्ट हैं। इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कमेंट किया कि उन्हें भी भाईजान के साथ सेल्फी लेनी

# अनुपमा' में वनराज के किरदार में नजर आएंगे रोनित रॉय




Ronit Roy On Anupamaa: रोनित रॉय ने अपने अनुपमा शो में नजर आने की चर्चाओं पर अब प्रतिक्रिया दी है और फैंस को सारी सच्चाई बताई है।पिछले कुछ दिनों से टीवी के लोकप्रिय शो अनुपमा को लेकर एक चर्चा जोरों पर चल रही है कि जल्द ही शो में अभिनेता रोनित रॉय नजर आएंगे। चर्चाएं हैं कि रोनित शो में सुधांशु पांडे को रिप्लेस करेंगे और वनराज शाह का किरदार निभाएंगे। अब इन चर्चाओं पर खुद रोनित रॉय ने प्रतिक्रिया दी है और फैंस को पुख्ता जानकारी दी है।रोनित रॉय जो टीवी से लेकर फिल्मों तक के अपने अलग-अलग किरदारों के लिए काफी मशहूर हैं। पिछले कुछ वक्त से रोनित के 'अनुपमा' शो में एंट्री करने की चर्चाएं एंटरटेनमेंट जगत का हॉट टॉपिक बनी हुई हैं। अब रोनित ने इन चर्चाओं पर स्पष्टीकरण देते हुए ये साफ कर दिया है कि वो 'अनुपमा' में नजर नहीं आएंगे। रोनित रॉय ने टेलीचक्कर को बताया कि मैं अनुपमा नहीं कर रहा हूं। यह खबर पूरी तरह से झूठी है और मैं वनराज का किरदार नहीं निभाऊंगा।रुपाली गांगुली की प्रमुख भूमिका वाले टीवी शो 'अनुपमा' में सुधांशु पांडे ने चार साल तक वनराज की भूमिका निभाई है। इसके बाद साल 2024 में सुधांशु पांडे ने शो को बीच में ही छोड़ दिया था। इसके बाद अब पिछले कुछ एक दिनों से ऐसी खबरें सामने आ रही थीं कि शो की कहानी को आगे बढ़ाने के लिए मेकर्स शो में नए कैरेक्टर शामिल करने के बारे में सोच रहे हैं। इसी में रोनित रॉय के शो में वनराज के किरदार में नजर आने की चर्चाएं काफी तेजी से चल रही थीं। अब इन चर्चाओं पर रोनित रॉय ने पूरी तरह से विराम लगा दिया है। 'अनुपमा' की शुरुआत साल 2020 में हुई थी। इसके बाद से ये शो लोगों का पसंदीदा बना हुआ है। काफी लंबे वक्त तक टीआरपी में टॉप पर रहने वाला 'अनुपमा' अभी भी टॉप 5 में बना हुआ है। हाल ही में सो टीआरपी के मामले में तीसरे नंबर पर रहा था।'अनुपमा' की शुरुआत साल 2020 में हुई थी। इसके बाद से ये शो लोगों का पसंदीदा बना हुआ है। काफी लंबे वक्त तक टीआरपी में टॉप पर रहने वाला 'अनुपमा' अभी भी टॉप 5 में बना हुआ है। हाल ही में सो टीआरपी के मामले में तीसरे नंबर पर रहा था।अनुपमा' अभी भी टॉप 5 में बना हुआ है। हाल ही में सो टीआरपी के मामले में तीसरे नंबर पर रहा था।


# Pak एक्ट्रेस हुमैरा असगर की मौत पर पिता ने जताया शक

पाकिस्तानी एक्ट्रेस हुमैरा असगर की मौत को लेकर अब उसके पिता ने शक जताया है। इस एक्ट्रेस का शव सड़ने की हालत में कराची अपार्टमेंट में मिला। जानिए, हुमैरा असगर के पिता का क्या कहना है? पाकिस्तानी एक्ट्रेस हुमैरा असगर की मौत की खबर सामने आई तो उसके पिता ने शव लेने से इंकार कर दिया था। अब वह इस बात को गलत बता रहे हैं। साथ ही अपनी बेटी की मौत को लेकर भी शक जता रहे हैं। वह हुमैरा की मौत को नेचुरल मानने को तैयार नहीं है। एक लोकल पाकिस्तानी टीवी चैनल को हुमैरा के माता-पिता ने इंटरव्यू दिया है, जिसमें हुमैरा से जुड़े कई राज भी खोले हैं। एक लोकल पाकिस्तानी टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में हुमैरा के पिता डॉ. असगर कहते हैं, 'यह बात



नहीं है कि हमने हुमैरा शव लेने से इनकार कर दिया। मैंने लीगल प्रोसेस पूरा होने के बाद अपने बेटे को हुमैरा का शव लेने के लिए कराची भेजा था। दरअसल, पोस्टमार्टम का प्रोसेस अभी पूरा नहीं हुआ था तो हमें इंतजार करना पड़ा।'हुमैरा असगर के पिता आगे कहते हैं, 'मैं खुद कराची नहीं गया लेकिन मुझे लगता है कि मेरी बेटी के साथ कुछ बुरा हुआ है। उसका शव उल्टे मुंह पड़ा मिला था और फ्लैट के दरवाजों की हालत संदिग्ध लग रही थी। जिसने भी उसे नुकसान पहुंचाया है, शायद उसे खुदा का खौफ नहीं है।' हुमैरा के माता-पिता एक तरफ एक्ट्रेस की मौत पर शक जता रहे हैं,


# अर्चना के बेटे आर्यमान सेठी ने कबूला अपना रिश्ता,



अर्चना पूरन सिंह के बेटे और सिंगर आर्यमान सेठी ने हाल ही में अपनी गर्लफ्रेंड से फैंस को रूबरू करवाया है। कौन है आर्यमान की गर्लफ्रेंड? क्या उनका भी फिल्म इंडस्ट्री से कोई नाता है?आर्यमान सेठी को लोगों ने सबसे पहले अर्चना पूरन सिंह के व्लॉग चैनल पर देखा, वह पेशे से एक सिंगर हैं। हाल ही में एक म्यूजिक वीडियो भी उनका लॉन्च हुआ है। अब आर्यमान ने अपना व्लॉग चैनल भी शुरू किया है। इस चैनल के ही एक व्लॉग में वह अपनी गर्लफ्रेंड से यूजर्स को मिलवाते नजर आए। जानिए, अर्चना पूरन सिंह के बेटे आर्यमान की गर्लफ्रेंड के बारे में। आर्यमान ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक व्लॉग डाला है, जिसमें वह अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने दूसरे शहर जा रहे हैं। वह गर्लफ्रेंड को सरप्राइज देना चाहते हैं। वीडियो में वह गर्लफ्रेंड के नाम को म्यूट कर देते हैं। आगे चलकर गर्लफ्रेंड से मिलते हैं, उसे फूल देते हैं। इसके बाद योगिता बिहानी से मिलवाते हैं। योगिता पेशे से एक एक्ट्रेस, मॉडल हैं। इसके बाद दोनों साथ में घूमे-फिरे और डिनर डेट पर गए। योगिता और आर्यमान की मुलाकात, उस म्यूजिक वीडियो के दौरान हुई, जिसमें आर्यमान ने गाना गाया। इस म्यूजिक वीडियो में योगिता नजर आई थीं। इस दौरान दोनों की नजदीकियां बढ़ी। इस म्यूजिक वीडियो को अर्चना पूरन सिंह और परमीत सेठी ने भी पसंद किया है। आर्यमान को अक्सर ही मां अर्चना पूरन सिंह के व्लॉग चैनल पर देखा जाता है। यूट्यूब व्लॉग में आर्यमान का फनी अंदाज भी यूजर्स को देखने को मिलता है। छोटे भाई आयुष्मान के साथ भी आर्यमान का जबरदस्त बॉन्ड नजर आता है। अर्चना पूरन सिंह के करियर फ्रंट की बात करें तो इन दिनों वह कपिल शर्मा के कॉमेडी शो में बतौर जज नजर आ रही हैं। योगिता और आर्यमान की मुलाकात, उस म्यूजिक वीडियो के दौरान हुई, जिसमें आर्यमान ने गाना गाया। इस म्यूजिक वीडियो में योगिता नजर आई थीं। इस

# मंडे टेस्ट में फेल हुई 'मालिक' और 'आंखों की गुस्ताखियां

Box Office Collection: बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों के लिए मंडे टेस्ट काफी अहम होता है। जानते हैं इस बार मंडे टेस्ट में 'मालिक', 'आंखों की गुस्ताखियां' और 'सुपरमैन' का कैसा रहा हाल।सिनेमाघरों में इन दिनों दर्शकों के पास ऑप्शन में कई फिल्में मौजूद हैं। इनमें एक्शन से लेकर रोमांस तक और हॉलीवुड की फिल्में भी शामिल हैं। हालांकि, बॉलीवुड पर हॉलीवुड भारी पड़ता नजर आ रहा है। जानते हैं सोमवार का दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसा बीता। राजकुमार राव की एक्शन फिल्म 'मालिक' दर्शकों को उतना प्रभावित नहीं कर पा रही है, जितने की उम्मीद मेकर्स ने लगाई थी। 3.75 करोड़ के साथ अपनी शुरुआत करने वाली 'मालिक' ने शनिवार और रविवार को तो बढ़त बनाई और दोनों दिन 5.25 करोड़ की कमाई की। लेकिन पहले सोमवार को ही फिल्म की कमाई काफी नीचे आ गई। सोमवार को अपने चौथे दिन



'मालिक' सिर्फ 1.6 करोड़ रुपए ही जुटा पाई। जिससे चार दिनों में फिल्म की कमाई 15.85 करोड़ रुपए तक ही पहुंच पाई है।



शनाया कपूर की डेब्यू फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन से ही औंधे मुंह गिरी है। बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 30 लाख से अपनी शुरुआत करने वाली इस फिल्म को वीकेंड का भी कोई खास लाभ नहीं मिला है। फिल्म ने शनिवार-रविवार को सिर्फ 50-50 लाख की कमाई की। लेकिन सोमवार को फिल्म एक दम से धड़ाम हो गई और सिर्फ 15 लाख रुपए ही जुटा पाई।

## Market Closing Bell

### मामूली बढ़त के बाद हरे निशान पर बंद हुआ बाजार; सेंसेक्स 63 अंक चढ़ा, निफ्टी 25200 के पार

मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 63.57 अंक उछलकर 82,634.48 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 16.25 अंक की बढ़त के साथ 25,212.05 पर बंद हुआ। वैश्विक बाजार के कमजोर रुख और टैरिफ संबंधी अनिश्चितता के बीच बुधवार को शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 63.57 अंक या 0.08 प्रतिशत उछलकर 82,634.48 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 82,784.75 के उच्चतम और 82,342.94 के निम्नतम स्तर को छुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 16.25 अंक या 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,212.05 पर आ गया।सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक,



इंफोसिस, अदानी पोर्ट्स और आईटीसी प्रमुख लाभ में रहीं। वहीं इटर्नल, सन फार्मा, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे।टेक महिंद्रा के शेयर बाजार बंद होने के बाद घोषित वित्तीय नतीजों से पहले 1.94 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 की जून तिमाही में कर-पश्चात समेकित लाभ में 30 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की। यह 1,128.8 करोड़ रुपये रहा। इंफोसिस में 1.5 प्रतिशत की तेजी आई, जिससे प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए।

## भारतीय परिवारों के पास 25000 टन सोना

सोने को बेचना हमें अपनी विरासत से बिछड़ने जैसा लग सकता है। लेकिन, यह बात हमेशा ध्यान रखें कि सोना अन्य एसेट की तरह एक संपत्ति भी है और शेयरों की तरह इसका मूल्यांकन करना जरूरी है। आज के समय में सोना आपका बैकअप प्लान, विकास कोष और सुरक्षा कवच सब कुछ हो सकता है। भारत में सोना सिर्फ धन नहीं, यह हमारी पहचान का हिस्सा है। यह वह बेशकीमती उपहार है, जो दादी-नानी शादी में आशीर्वाद के रूप में देती हैं। माता-पिता इसे गुपचुप तरीके से तिजोरी में सहेज कर रखते हैं और जरूरत के समय यही सोना हर परिवार का सहारा बनता है। इस प्रकार, सोना सिर्फ धातु नहीं, बल्कि यादों, परंपरा



और भावनाओं का प्रतीक है। लेकिन, यह बात भी नहीं भूलनी चाहिए कि सोना दुनियाभर में सबसे भरोसेमंद निवेश विकल्प भी है। बात जब निवेश की आती है, तो आपको अपने पोर्टफोलियो को संतुलित बनाना भी जरूरी होता है। ऐसे में यह सवाल भी उठता है कि सोने को सिर्फ घर में रखकर छोड़ देना कितना सही फैसला है।सोना चाहे जेवर के रूप में हो या डिजिटल स्वरूप में, भारतीयों का सोने के प्रति प्यार न केवल भावनात्मक है, बल्कि आर्थिक रूप से भी बहुत महत्वपूर्ण है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय परिवारों और संस्थानों के पास कुल मिलाकर लगभग 25,000 टन फिजिकल सोना मौजूद है। इसका अनुमानित मूल्य 2.5 लाख करोड़ रुपये है, जबकि डिजिटल सोने

## वैश्विक अर्थव्यवस्था की इंक्रीमेंटल

### ग्रोथ में भारत की हिस्सेदारी 6.7%, अकेले SBI का योगदान 1.1%

भारत ने वित्त वर्ष 25 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धिशील वृद्धि में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया और अकेले भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की वृद्धिशील वृद्धि में 1.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एसबीआई रिसर्च ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है।भारत ने वित्त वर्ष 25 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धिशील वृद्धि में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया और अकेले भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की वृद्धिशील वृद्धि में 1.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एसबीआई रिसर्च की



एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर भारत के मजबूत प्रदर्शन पर प्रकाश डाला गया है, जिसने वित्त वर्ष 25 के दौरान वैश्विक जीडीपी में कुल वृद्धि में 297 बिलियन अमरीकी डॉलर जोड़े। इसमें कहा गया है, "वैश्विक स्तर पर, भारत ने वित्त वर्ष 25 में वृद्धिशील वैश्विक जीडीपी में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया"।वित्त वर्ष 25 में विश्व अर्थव्यवस्था में 4,118 बिलियन अमरीकी डॉलर की वृद्धि हुई और इसमें भारत की हिस्सेदारी 297 बिलियन अमरीकी डॉलर थी। इसका मतलब है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में कुल वृद्धि में भारत का योगदान लगभग 7 प्रतिशत था, जो वैश्विक विकास में अग्रणी योगदानकर्ताओं में से एक के रूप में इसके बढ़ते महत्व और ताकत को दर्शाता है।

## डिजिटल तकनीक ने बदल दी भारत की कर प्रणाली

Tax: डिजिटल तकनीक ने भारत की कर प्रणाली को ज्यादा पारदर्शी और तेज बना दिया है, जिससे करदाताओं को रिफंड पहले से कहीं जल्दी और ज्यादा मिल रहा है। पिछले दस वर्षों में कर वापसी (रिफंड) में 474% की वृद्धि हुई है, जबकि औसतन रिफंड जारी होने का समय 93 दिन से घटकर सिर्फ 17 दिन रह गया है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी।Tax: डिजिटल तकनीक ने भारत की कर प्रणाली को ज्यादा पारदर्शी और तेज बना दिया है, जिससे करदाताओं को रिफंड पहले से कहीं जल्दी और ज्यादा मिल रहा है। पिछले दस वर्षों में कर वापसी (रिफंड) में 474% की वृद्धि हुई है, जबकि औसतन रिफंड जारी होने का समय 93 दिन से घटकर सिर्फ 17 दिन रह गया है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी।सूत्रों ने बताया कि 2013-14 से 2024-



आईटी, बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीमा), विनिर्माण और एफएमसीजी क्षेत्रों का योगदान है। फाउंडइट के मुख्य राजस्व एवं वृद्धि अधिकारी प्रणय काले ने कहा, यह हाल के वर्षों में सबसे मजबूत वृद्धि है, जो भारत के रोजगार परिदृश्य में टियर-2 शहरों के बढ़ते महत्व को बताती है। अब नौकरी चाहने वालों के पास अपने घर के पास ही विभिन्न अवसर उपलब्ध हैंरिपोर्ट के मुताबिक, टियर-2 शहरों में भर्तियां सालाना आधार पर 28 फीसदी बढ़ी हैं। इसके उलट, दिल्ली-एनसीआर (5 फीसदी), चेन्नई (18 फीसदी) और बंगलूरू (16 फीसदी) जैसे प्रमुख महानगरों में तुलनात्मक रूप से धीमी वृद्धि देखी गई। टियर-2 शहरों में आईटी भर्तियों में 53 फीसदी की असाधारण वृद्धि रही जो राष्ट्रीय औसत 30 फीसदी से अधिक है।

## Trade: 9 जुलाई से पहले व्यापार

सौदे को अंतिम रूप देने की कोशिश में भारत-अमेरिका, टैरिफ की अब भी लटक रही तलवार भारत और अमेरिका 9 जुलाई से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका की ओर से लगाए गए 26 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ में छूट खत्म होने से पहले दोनों देश बातचीत में जुटे हैं। व्यापार सौदे में कृषि और डेयरी जैसे क्षेत्र चुनौतीपूर्ण हैं। भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर बातचीत जारी है और दोनों देश इस समझौते को 9 जुलाई से पहले अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों के हवाले से सोमवार को यह जानकारी दी गई। अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारत से



आने वाले सामानों पर 26 फीसदी अतिरिक्त कर (टैरिफ) लगाने का एलान किया था, लेकिन ट्रंप प्रशासन ने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था। हालांकि, 10 फीसदी का मूल टैक्स अभी भी लागू है। भारत चाहता है कि उसे इस 26 फीसदी अतिरिक्त कर से पूरी तरह छूट मिल जाए। जब पूछा गया कि क्या भारत और अमेरिका 9 जुलाई तक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देना चाहते हैं, तो सूत्रों ने कहा,

## भारतीय अर्थव्यवस्था-वित्तीय प्रणाली

**टैरिफ के झटकों से निपटने में सक्षम; भारत FDI के लिए आकर्षक** आरबीआई की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि की मुख्य वजह घरेलू मांग में उछाल है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों से अछूती है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही है, जो महंगाई में लगातार कमी के साथ व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में मदद कर रही है।

बढ़ते व्यापार, कई देशों के बीच लंबे समय तक चल रहे तनाव और उन्नत देशों के नीतिगत फैसलों से पड़ने वाले प्रभावों से उभरती अर्थव्यवस्थाओं को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। दुनियाभर में जारी अनिश्चित और चुनौतीपूर्ण आर्थिक पृष्ठभूमि के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक विकास का एक प्रमुख चालक बनी हुई है।आरबीआई की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि की मुख्य वजह घरेलू मांग में उछाल है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों से अछूती है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही है, जो महंगाई में लगातार कमी के साथ व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में मदद कर रही है। घरेलू वित्तीय





प्रणाली बैंकों और गैर-बैंकिंग कंपनियों की स्वस्थ बैलेंस शीट से मजबूत बनी हुई है।रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय बाजारों में कम अस्थिरता और उदार मौद्रिक नीति से समर्थित वित्तीय स्थितियां आसान हुई हैं।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612















# वनडे में टीम इंडिया की जीत से शुरुआत

## पहले मैच में इंग्लैंड की महिला टीम को चार विकेट से हराया




साउथैम्पटन में खेले गए मुकाबले में दीप्ति ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 62 रन की नाबाद पारी खेली और टीम इंडिया को 259 रन चेज करने में मदद की। उन्हें इसके लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी मिला। भारत और इंग्लैंड के बीच अगला वनडे 19 जुलाई को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। टी20 सीरीज जीतने के बाद वनडे सीरीज जीतने के इरादे से उतरी भारतीय टीम ने पहले मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लिश टीम ने 50 ओवर में छह विकेट गंवाकर 258 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम ने 48.2 ओवर में छह विकेट पर 262 रन बनाकर मैच जीत लिया। दीप्ति शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। अगला वनडे 19 जुलाई को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। भारत ने पांच मैचों की टी20 सीरीज 3-2 से अपने नाम किया था।इंग्लैंड की कप्तान नैट शीवर ब्रंट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। टीम की ओपनिंग खराब रही थी। 20 रन तक टीम ने दो विकेट गंवा दिए थे। टैमी ब्यूमोंट पांच रन और एमी जोंस एक रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद एम्मा लैंब ने कप्तान शीवर के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी निभाई। एम्मा 50 गेंद में चार चौके की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, कप्तान शीवर 52 गेंद में पांच चौके की मदद से 41 रन बना सकीं। एक वक्त इंग्लैंड ने 97 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद सोफिया डंकले और डेविडसन रिचर्ड्स ने पांचवें विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी निभाई। सोफिया 92 गेंद में नौ चौके की मदद से 83 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, डेविडसन 73 गेंद में दो चौके की मदद से 53 रन बना सकीं। सोफिया एक्लेस्टोन 19 गेंद में तीन चौके की मदद से 23 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत की ओर से क्रांति गौड़ और स्नेह राणा ने दो-दो विकेट लिए। वहीं, अमनजोत कौर और श्री चरणी को एक-एक विकेट मिला।259 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत ठीक ठाक रही। स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने पहले विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी निभाई। मंधाना 24 गेंद में पांच चौके की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, प्रतिका ने फिर दूसरे विकेट के लिए हरलीन देओल के साथ 46 रन की साझेदारी निभाई। प्रतिका 51 गेंद में तीन चौके की मदद से 36 रन बनाकर आउट हुईं। हरलीन और कप्तान हरमनप्रीत भी कुछ खास नहीं कर सकीं। हरलीन 44 गेंद में चार चौके की मदद से 27 रन बनाकर और हरमनप्रीत 17 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। फिर जेमिमा रॉड्रिग्स ने दीप्ति शर्मा के साथ मिलकर पारी संभाली। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी हुई। जेमिमा 54 गेंद में पांच चौके की मदद से 48 रन बनाकर आउट हुईं और अर्धशतक से चूक गईं। वहीं, ऋचा घोष ने 10 रन बनाए। दीप्ति ने फिर अमनजोत कौर के साथ मिलकर टीम इंडिया को जीत दिलाई। दीप्ति 64 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 62 रन और अमनजोत 14 गेंद में तीन चौके की मदद से 20 रन बनाकर नाबाद रहीं।

# महिला शतरंज विश्व कप में दिव्या

## हम्पी अंतिम-16 में; गोल्फ में अदिति 28वें स्थान पर रहीं



भारत की जहां दो खिलाड़ियों ने अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है वहीं तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी डी हरिका, वंतिका अग्रवाल और आर वैशाली भी अंतिम-16 में जगह बना सकती हैं, लेकिन यह सब टाईब्रेकर में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। महिला ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख और ग्रैंडमास्टर बनने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने जॉर्जिया के बातुमी में जारी विपरीत अंदाज में फिडे महिला विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम-16 में जगह बनाई। दिव्या को अंतिम 16 में पहुंचने के लिए आधा अंक की जरूरत थी जो उन्होंने सर्बिया की टेओडोरा इंजाक के खिलाफ ड्रॉ खेल कर हासिल कर लिया लेकिन हम्पी को पोलैंड की कुलोन क्लॉडिया को हराने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी।भारत की जहां दो खिलाड़ियों ने अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है वहीं तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी डी हरिका, वंतिका अग्रवाल और आर वैशाली भी अंतिम-16 में जगह बना सकती हैं, लेकिन यह सब टाईब्रेकर में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। ग्रैंडमास्टर हरिका ने यूनान की त्सोलाकिडोउ स्टावरौला के साथ लगातार ड्रॉ खेलकर खुद को प्री-क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बनाए रखा, जबकि वंतिका रूस की कैटरीना लागनो पर पहले दौर की जीत के बाद दूसरे दौर में हार गई जिससे स्कोर बराबर हो गया। इस प्रतियोगिता में विजेता को 50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिलेगी। इसके अलावा शीर्ष तीन में रहने वाली खिलाड़ी अगले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# सनराइजर्स हैदराबाद ने दी वरुण आरोन को बड़ी जिम्मेदारी

## आईपीएल 2026 में निभाएंगे अहम भूमिका आईपीएल 2026 से पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन को गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है।



आईपीएल 2026 से पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन को गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। सोमवार को इसकी घोषणा करते हुए फ्रेंचाइजी ने बताया कि आरोन न्यूजीलैंड के पूर्व गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन की जगह लेंगे। बता दें कि, 35 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 2011 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। उन्होंने अपने करियर में नौ वनडे और इतने ही टेस्ट मैच खेले। आरोन ने पिछले साल लाल गेंद के प्रारूप से संन्यास ले लिया था। वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स, आरसीबी, पंजाब किंग्स, राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस का हिस्सा रहे।वरुण ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2011 में टेस्ट डेब्यू किया था और भारत के लिए खेले कुल नौ टेस्ट मैचों में 18 विकेट झटके। इस दौरान उनकी इकोनॉमी 4.78 की रही। वहीं, टेस्ट में डेब्यू से ठीक एक महीने पहले उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में खेलने का मौका मिला। वरुण ने नौ वनडे मैचों में 11 विकेट लिए। इसके अलावा वरुण आईपीएल का भी हिस्सा रहे और उन्होंने 52 आईपीएल मैचों में कुल 44 विकेट झटके। वरुण ने अपना अंतिम टेस्ट मैच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नवंबर 2015 में खेला था, जबकि वनडे में भारत के लिए आखिरी बार वह श्रीलंका के खिलाफ नवंबर 2014 में खेले थे। वहीं, वरुण ने आईपीएल में अपना अंतिम मैच अप्रैल 2022 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेला था

# हिमाचल की सात बेटियों को मिली

## टीम इंडिया में जगह, एशिया कोर्फबाल चैंपियनशिप में दिखेगा जलवा



हिमाचल की सात बेटियां 11वीं एशियन वुमन यूथ हैंडबाल चैंपियनशिप में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करेंगी। भारतीय टीम 15 जुलाई को चीन के लिए रवाना होगी। कनिष्का के नेतृत्व में टीम इंडिया चीन के जिंगगांगशान शहर में होने वाली प्रतियोगिता में दम दिखाएंगी।चीन में 18 से 27 जुलाई तक होने वाली 11वीं एशियन वुमन यूथ हैंडबाल चैंपियनशिप में भारतीय युवा महिला टीम की कप्तानी का जिम्मा बिलासपुर की कनिष्का को पहली बार सौंपा गया है। कनिष्का के साथ हिमाचल की सात बेटियां टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करेंगी। भारतीय टीम 15 जुलाई को चीन के लिए रवाना होगी। कनिष्का के नेतृत्व में टीम इंडिया चीन के जिंगगांगशान शहर में होने वाली प्रतियोगिता में दम दिखाएंगी। टीम में हिमाचल की सात खिलाड़ी शामिल हैं। इन होनहार बेटियों ने गुजरात के गांधीनगर में आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में खुद को साबित किया। 70 संभावित खिलाड़ियों में से पहले 28 को शॉर्टलिस्ट किया गया और फिर उनमें से 18 का फाइनल चयन हुआ। हिमाचल की ये सात खिलाड़ी अंतिम टीम में जगह बनाने में सफल रहीं। भारतीय टीम की कप्तान और पिवोट कनिष्का, गोलकीपर नेहा चौहान, लेफ्ट बैक शिवानी देवी, लेफ्ट विंग रिद्धिमा, राइट बैक मुस्कान, सेंटर बैक गारिमा, राइट विंग शिक्षा शामिल हैं। सभी खिलाड़ी मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी की हैं।हैंडबाल कोच स्नेहलता ने बताया कि ये सभी खिलाड़ी मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी से प्रशिक्षित हैं। खिलाड़ियों ने हर तकनीकी और मानसिक तैयारी का शिविर में बखूबी प्रदर्शन किया। उन्हें उम्मीद है कि भारतीय टीम चैंपियन बनकर देश का परचम एशियन चैंपियनशिप में लहराएगी। टीम के साथ मुख्य कोच सचिन चौधरी, कोच मनीषा विनॉय, नवीन पुनिया और फिजियोथेरेपिस्ट मोनिका शर्मा भी रवाना होंगी।



चीन के लेशान में 15 से 20 जुलाई तक होने वाली एशिया कोर्फबाल चैंपियनशिप में प्रदेश के छह खिलाड़ियों को भारतीय टीम में जगह मिली है। यही नहीं, भारतीय टीम के कोच भी हिमाचल से ही हैं।भारतीय कोर्फबाल संघ की ओर से घोषित टीम में बिलासपुर के दधोल स्कूल से कनिष्का ठाकुर, हर्ष राणा, राधिमा जसवाल और साक्षी, शूलिनी विश्वविद्यालय सोलन से मिली और शिमला से नव्या को शामिल किया गया है। इन युवाओं का चयन भारतीय कोर्फबाल टीम के लिए एक बड़ा मुकाम है।भारतीय टीम को हिमाचल के विनोद ठाकुर प्रशिक्षण दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा में 6 से 12 जुलाई तक गहन प्रशिक्षण दिया गया।